कार्यालय जनपद न्यायाधीश, प्रतापगढ़।

संख्या /2022

दिनांक : नवम्बर , 2022

(प्रशासनिक अनुभाग)

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 14/एड़मिन 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से जनपद न्यायालय में रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्ति किये जानें का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त के अनुक्रम में न्यायिक प्रतिष्ठान, प्रतापगढ़ से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, को एक वर्ष की अवधि के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व माननीय उच्च न्यायालय, भर्ती प्रकोष्ठ, इलाहाबाद द्वारा भर्ती होने तक अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर) पुनर्नियुक्ति किये जानें हेतु निर्देश निर्गत किया गया है।

द्वितीय लिपिक की आख्यानुसार जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट इस्टैबलिसमेंट पोर्टल पर अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है : –

क्र0सं0	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या
1	प्रधान सहायक	17
2	वरिष्ठ सहायक	63
3	कनिष्ठ सहायक	7
4	पेड अप्रेन्टिस	1
5	आशुलिपिक ग्रेड–II	1
6	आशुलिपिक ग्रेड–III	16
7	दफ्तरी/बण्डल लिफ्टर	10
8	प्रोसेस सर्वर	4
9	अर्दली/ऑफिस प्यून/प्यून/फर्रास	7
10	चौकीदार/वाटरमैन/स्वीपर/मॉली	6
	कुल योग	**132**

जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में कर्मचारीगण की अत्यधिक कमी, न्यायिक कार्य के सुगमता पूर्वक निर्वहन में कठिनाईयों के दृष्टिगत, माननीय उच्चं न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 14/एड़मिन 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में तालिका में उल्लिखित श्रेणी के अनुसार, जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, से आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदक अपना आवेदन पत्र, आयु प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 30.11.2022 को सांय 05.00 बजे तक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात् प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रकिया अपनायी जायेगी। अभ्यर्थीगण दिनांक 06.12.2022 एवं 07.12.2022 को साक्षात्कार हेतु प्रातः 10.00 बजे जनपद न्यायालय परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होंगें। अभ्यर्थीगण को उनके साक्षात्कार दिवस के सम्बन्ध में अलग से सूचना प्रेषित की जायेगी। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन, जिसमें से पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व) घटाते हुए, समस्त भत्तों सहित, उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों/नियमों के अधीन परिलब्धियां देय होगी।

21.11.22

(प्रदीप शुक्ला)
सदस्य, चयन समिति/
सिविल जज (सी0डि0)
प्रतापगढ़।

21/11/2022

(जी0 प्रसाद)
वरिष्ठ सदस्य, चयन समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या–01, प्रतापगढ़।

जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जानें वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए आवेदन–पत्र।

(As per C.L No. 14/Admin. 'D' Section Dated 15.10.2022)

आवेदित पद का नाम : आशुलिपिक/लिपिक/चतुर्थ श्रेणी

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

1. आवेदक का नाम : ....
2. पिता/पति का नाम : ....
3. जन्मतिथि : ....
4. सेवानिवृत्ति की तिथि : ....
5. अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं) :

....

6. पी0पी0ओ0 संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) : ....
7. स्थायी पता : ....

....

....

8. अस्थायी पता : ....

....

....

9. मोबाईल नम्बर : ....
10. ई–मेल आई0डी0 : ....
11. शैक्षणिक योग्यता : ....

अण्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूँ/रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूँ एवं जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूँ। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा मुझे स्वीकार है।

दिनांक: **आवेदक के हस्ताक्षर**